

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

जीवन में समस्याओं का सामना इसलिए करना पड़ता है ताकि हम उन से लड़कर और भी मजबूती के साथ निखर कर आये

शुक्रवार 20 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 50 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


# बिहार में खेल तंत्र को मिलेगा नया ढांचा मुख्य सचिव ने खेल विभाग की समीक्षा की

## सुरक्षा, निगरानी, पीपीपी मॉडल एवं संस्थागत सुधारों पर जोर

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, पटना ।** राज्य में खेल व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में खेल सचिव श्री महेन्द्र कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि राज्य के सभी पंचायत स्तरीय खेल परिसरों एवं आउटडोर स्टेडियमों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि इससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और गतिविधियों की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सकेगी। साथ ही खेल क्लबों के संचालन को संस्थागत स्वरूप देने, नियमित समीक्षा प्रणाली विकसित करने तथा सचिव स्तर पर निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में खेल क्षेत्र में पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप (च्च्च्) मॉडल को बढ़ावा देने पर भी विशेष चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने स्पष्ट नीतिगत ढांचा तैयार कर निजी क्षेत्र और स्थानीय उद्योगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक भाग लेने के लिए प्रेरित करने तथा राज्य में खेल संस्कृति को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उनका कहना था कि समावेशी एवं सुव्यवस्थित पीपीपी मॉडल से खेल विकास को नई गति मिलेगी।




खेल सामग्री की खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए खुले आमंत्रण के माध्यम से आपूर्तिकर्ताओं को सूचीबद्ध करने तथा खेल सामग्री की अधिकतम कीमत निर्धारित करने के निर्देश दिए गए।इससे सभी खेल क्लबों को समान दर पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराई जा सकेगी और मूल्य शोषण की संभावना समाप्त होगी। साथ ही प्रत्येक खेल क्लब के साथ जिला खेल पदाधिकारी, सरकारी प्रशिक्षक और शारीरिक शिक्षक को टैग कर जवाबदेही तय करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में राज्य में संचालित 27 एकलव्य केंद्रों की समीक्षा की गई, जिस पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष प्रस्तावित केंद्रों को शीघ्र सक्रिय करने का निर्देश दिया गया। विभाग ने जानकारी दी कि नवंबर और फरवरी माह में हाफ मैराथन का आयोजन प्रस्ता. वित है, जिसकी शुरुआत इस वर्ष नवंबर से की जाएगी। यह समीक्षा बैठक राज्य में एक मजबूत, सुरक्षित और समावेशी खेल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में सरकार के ठोस प्रयासों को दर्शाती है।








# 2047 तक विकसीत हो जायेगा भारत – किरेन रिजिजू प्राचीन काल से ही ज्ञान की धरती रही है नालंदा

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नालंदा विश्वविद्यालय में गुरुवार को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लेते हुए केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित हो जायेगा। इसको लेकर ही यह कार्यक्रम आयोजित की गयी है। नालंदा विश्वविद्यालय को दोबारा से जीवित किया गया है। यहां पर विश्व के विभिन्न देशों के छात्र पढ़ने को आते हैं। हमारी संस्कृति से परिचित होते हैं। नालंदा पुराने समय से ही ज्ञान की धरती रही है। पूरे विश्व में यहां से ज्ञान की रोशनी फैलती थी। विकसीत भारत के लिए ही यहां भाग्यदोय की थीम पर दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें सामाजिक, आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचा, कौशल विकास, तीर्थ यात्रा, प्रबंधन और छात्रवृत्ति सहयोग जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई है। विषयवार वीडियो प्रेजेंटेशन के जरिय विचार विमर्श समूह की घोषणा की जायेगी। केन्द्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। दो दिवसीय कार्यक्रम अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। शिविर में मुख्य रूप से पांच बिंदुओं पर रणनीति तैयार की गई है। इनमें अवसंरचना विकास (प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम), सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण(पीएम विकास और एनएमडीएफसी), वक्फ प्रबंधन और हज प्रबंधन शामिल है। अधिकारियों ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं और उनके समाधान के बारे में भी बताया।

### केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने किया ग्लास स्काई वॉक का भ्रमण

केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को नालंदा विश्वविद्यालय में चल रहे कार्यक्रम के बाद ग्लास स्काई वॉक व जू सफारी का भ्रमण किया। कहा कि उन्हें राजगीर की वादियों और हरियाली को देखने का विशेष गौरव प्राप्त हुआ। उन्होंने राजगीर की हरी–भरी प्राकृतिक छंटा, सुव्यवस्थित पर्यटन अवसंरचना तथा जैव–विविधता संरक्षण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। राजगीर प्रकृति प्रेमियों और आध्यात्मिक यात्रियों दोनों के लिए बेहतर स्थल है। सफारी की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाये रखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे यहां अत्यंत प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। इस पहल से पर्यावरण जागरूकता को भी नई दिशा मिल रही है। इस मौके पर जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम सहित अन्य शामिल रहे।

# बिजली बिल होगा ZERO! नालंदा–नवादा के 1.8 लाख से ज्यादा बीपीएल परिवारों को मिलेगा फ्री रूफटॉप सोलर पैनल, 28 फरवरी आखिरी मौका

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट।** नालंदा/नवादा। सरकार ने नालंदा और नवादा जिले के गरीब एवं कुटीर ज्योति (बीपीएल) बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी पहल की है। बिजली बिल के बोझ को कम करने तथा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पात्र परिवारों की छतों पर निशुल्क रूफटॉप सोलर पैनल लगाने की योजना शुरू की गई है।

योजना के तहत लाभार्थी परिवार दिन के समय पंखा, बल्ब एवं अन्य आवश्यक विद्युत उपकरण सौर ऊर्जा से चला सकेंगे, जिससे उनके मासिक बिजली खर्च में कमी आएगी। वर्तमान में नालंदा जिले में लगभग 93,000 तथा नवादा जिले में करीब 91,500 कुटीर ज्योति विद्युत उपभोक्ता इस योजना के संभा. वित लाभार्थी हैं।

बिजली कंपनी की ओर से उपभोक्ताओं से 28 फरवरी तक अपनी सहमति देने का आग्रह किया गया है, ताकि पहले चरण में ही सोलर यूनिट स्थापना की प्रक्रिया पूरी की जा सके। विभाग ने स्पष्ट किया है कि समय पर सहमति देने वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

आवेदन प्रक्रिया को सरल और डिजिटल बनाया गया है। उपभोक्ता घर बैठे 'सुविधा एप' के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर "रूफटॉप सोलर पैनल स्थापन हेतु सहमति (कुटीर ज्योति)" विकल्प चुनना होगा। इसके बाद उपभोक्ता संख्या दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करना है तथा आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और बीपीएल कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर आवेदन जमा करना होगा।

जिन उपभोक्ताओं के पास स्मार्टफोन उपलब्ध नहीं है, वे संबंधित प्रमंडल कार्यालय के




सुविधा काउंटर या नजदीकी वसुधा केंद्र की सहायता ले सकते हैं। विभागीय सुविधा काउंटर पर यह सेवा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

विभाग ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं, ताकि अधिक से अधिक परिवारों तक इस पहल का फायदा पहुंच सके।




# राजगीर में 8 मार्च को मगध सम्राट जरासंध स्मारक का प्रथम वार्षिकोत्सव, कई मंत्री व जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

**केशववाणी** । राजगीर (नालंदा)

राजगीर की ऐतिहासिक धरती पर स्थित मगध सम्राट जरासंध स्मारक के प्रथम वर्षगांठ सह स्थापना दिवस के अवसर पर एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में अखिल भारतीय जरासंध अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलन सिंह चंद्रवंशी एवं महासचिव विश्वजीत कुमार बंटी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की जानकारी दी। पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी 8 मार्च को आयोजित समारोह में मगध सम्राट जरासंध महाराज के जीवन और उनके ऐतिहासिक योगदान पर विशेष प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विचार गोष्ठी तथा सम्मान समारोह सहित कई आयोजन किए जाएंगे। परिषद ने कहा कि यह आयोजन मगध की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत और गौरवशाली परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्रवण कुमार (ग्रामीण विकास मंत्री) उपस्थित रहेंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम संरक्षक के रूप में प्रमोद कुमार चंद्रवंशी (वन एवं पर्यावरण सह सहकारिता मंत्री) शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथियों में राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह चंद्रवंशी, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, एमएलसी रीना यादव, पूर्व एमएलसी रामबली सिंह चंद्रवंशी तथा समाजसेवी डॉ. केपी सिंह चंद्रवंशी भी शिरकत करेंगे।




परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि स्मारक का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। इस अवसर पर संतोष कुमार भारती, संतोष कुमार सिंह, ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा संगठन नालंदा जिला अध्यक्ष परीक्षित चंद्रवंशी, निशांत चंद्रवंशी, राकेश कुमार, जॉनी वीरू चंद्रवंशी, नागेंद्र नाथ चंद्रवंशी, रंजन सिंह चंद्रवंशी, मुखिया रवि राम, निरंजन सिंह चंद्रवंशी, ओम सिंह चंद्रवंशी, गोलू चंद्रवंशी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




# रोटरी क्लब बिहारशरीफ का ४७वां अधिष्ठापन समारोह संपन्न, नए अध्यक्ष व सचिव ने संभाली जिम्मेदारी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट। बिहारशरीफ (नालंदा)।** रोटरी क्लब बिहारशरीफ का 47वां अधिष्ठापन समारोह होटल ममता इंटरनेशनल, बिहारशरीफ में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब का ऑफिशियल डीजी विजिट भी संपन्न हुआ।

समारोह में मंडलाध्यक्ष रो० नम्रता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में रो० डॉ. बिंदु सिंह, रो० डॉ. अजय कुमार एवं रो० डॉ. सुनील कुमार मौजूद रहे, जबकि रोटरी जोन 10 के सहायक गवर्नर रो० डॉ. अजीत कुमार सिंह सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान रो० डॉ. आशुतोष कुमार को रोटरी क्लब बिहारशरीफ का अध्यक्ष तथा रो० अभिषेक कुमार सिन्हा उर्फ प्रमोद जी को सचिव पद की शपथ दिलाई गई।

अधिष्ठापन समारोह के साथ ही नुरसराय स्थित रेडिएंट वर्ल्ड स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

मुख्य अतिथि रो० नम्रता ने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी क्लब को निरंतर छोटे–बड़े सभी प्रकार के प्रोजेक्ट संचालित करते रहना चाहिए, ताकि समाज के अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने रोटरी के सात फोकस क्षेत्रों पर विशेष रूप से कार्य करने की अपील की और सदस्यता विस्तार पर जोर दिया। साथ ही रोटरी फाउंडेशन में योगदान बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि फाउंडेशन का सहयोग ही विभिन्न स्थायी परियोजनाओं की आधारशिला है। रोटरी क्लब बिहारशरीफ द्वारा स्थापित डायलिसिस सेंटर इसका सशक्त उदाहरण है, जो फाउंडेशन के समर्थन से ही संभव हो सका।पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं रोटरी पब्लिक इमेज कोऑर्डिनेटर पीडीजी रो० डॉ. बिंदु सिंह ने कहा कि किसी भी प्रोजेक्ट का प्रभाव तभी व्यापक होता है, जब उसका संदेश जन–जन तक पहुंचे। उन्होंने सोशल मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से रोटरी के कार्यों का प्रचार–प्रसार करने पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पोलियो उन्मूलन में रोटरी का ऐतिहासिक योगदान रहा है और इस उपलब्धि की जानकारी समाज तक पहुंचाना आवश्यक है।

डीजीएनडी रो० डॉ. अजय कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि जिस प्रकार रोटरी क्लब बिहारशरीफ द्वारा डायलिसिस सेंटर का सफल संचालन किया जा रहा है, उसी तरह बिहारशरीफ के अन्य क्लबों को भी स्थायी और दीर्घकालिक परियोजनाएं शुरू करनी चाहिए, ताकि समाज के जरूरतमंद एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को निरंतर सेवा मिल सके।

समारोह में रोटरी क्लब नालंदा, नवादा, राजगीर, शेखपुरा, नवादा राजश्री एवं बिहारशरीफ तथागत के प्रतिनिधियों के साथ–साथ लायंस क्लब, इनर व्हील क्लब, आईएमए, मिशन हरियाली और पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के अनेक सदस्यों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।

# निरंतर अभ्यास व समर्पण से कार्यकर्ता पा सकते हैं मंजिल – बृजबिहारी प्रसाद

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट, राजगीर (नालंदा)** । भूई बाजार में गुरुवार को एकल अभियान के 10 दिवसीय नवीन आचार्य अभ्यास प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इसमें नालंदा जिले के बेन, राजगीर, सिलाव, बिहारशरीफ, इस्लामपुर, एकंगरसराय, परबलपुर, हिलसा, नूरसराय संघ के आचार्यों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। एकल विद्यालय के अंचल कार्यालय प्रभारी बृजबिहारी प्रसाद एवं भूई पंचायत के पूर्व मुखिया सुधीर कुमार व सूर्यमणी प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। बृजबिहारी प्रसाद ने कहा कि निरंतर अभ्यास और समर्पण से कार्यकर्ता हर मंजिल तक पहुंच सकता है। सभी आचार्य से आग्रह किया कि वे बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा दें। शिक्षा देकर ही समाज व राष्ट्र को आगे बढ़ाएं। पंचमुखी शिक्षा कौशल विकास नैतिक मूल्य राष्ट्रीय एकता संस्कृति विकास देश में आर्थिक विकास, सामाजिक, प्रगति राष्ट्र निर्माण महिला शक्तिकरण आदि की चर्चा की गई।



भारत की विश्व गुरू बनाने के लिए राष्ट्रीय मानक मूल्य की चर्चा की गई। पूर्व मुखिया सुधीर कुमार ने कहा कि एकल स्कूल का भी शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान है। शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। सरकार भी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई काम कर रही है। इस मौके पर मुन्नु कुमार, नरेश प्रसाद, धर्मवीर कुमार, ममता देवी, बेबी कुमारी, नीरज राज, महेन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# ज्ञान की धरती नालंदा में नवाचार की उड़ान कन्हैयागंज के युवक ने बनाया 'टोरनाडो झूला'

**केशववाणी डायमंड कुमार की रिपोर्ट, एकंगरसराय (नालंदा)।** नालंदा जिसे ज्ञान और शिक्षा की ऐतिहासिक धरती के रूप में विश्वभर में पहचान मिली है, एक बार फिर अपनी प्रतिभा के दम पर सुर्खियों में है। जिले के एकंगरसराय प्रखंड अंतर्गत कन्हैयागंज गांव निवासी विनय कुमार ने छह महीने की कठिन मेहनत और शोध के बाद 'टोरनाडो झूला' का निर्माण कर एक नई मिसाल कायम की है।

विनय कुमार ने बताया कि इस झूले का मूल डिजाइन चीन में प्रचलित है और पहले इस प्रकार के झूले चीन से आयात होकर भारत में आते थे। उन्होंने यूट्यूब पर इसका वीडियो देखने के बाद इसे स्वयं तैयार करने का संकल्प लिया। लगातार छह माह तक अध्ययन, प्रयोग और तकनीकी सुधार के बाद उन्होंने इस आधुनिक और आकर्षक झूले को सफलतापूर्वक बना लिया। विनय कुमार का कहना है कि अब नालंदा का कन्हैयागंज गांव भी निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है और चीन को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार है। यहां न केवल 'टोरनाडो झूला' का निर्माण किया जा रहा है, बल्कि अन्य विदेशी डिजाइनों से प्रेरित झूलों को भी स्थानीय स्तर पर तैयार किया जा रहा है। इन उत्पादों के लॉन्च होने से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।



ग्रामीणों का कहना है कि विनय कुमार की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। नालंदा, जो सदियों से शिक्षा और ज्ञान का प्रतीक रहा है, अब नवाचार और निर्माण के क्षेत्र में भी अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहन और आर्थिक सहायता दी जाए, ताकि वे अपने हुनर के बल पर जिले और राज्य का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर सकें।



# प्रशिक्षण पाकर बालिकाएं अपने अधिकार के प्रति होंगी संवेदनशील - अनिता कुमारी गुप्ता

**केशववाणी । अनुमंडल संवाददाता, राजगीर ।राजीव लोचन की रिपोर्ट,**

राजगीर (नालंदा)। प्रशिक्षण से बालिकाओं में जन जागरूकता और नई चेतना का संचार होता है। ये बातें प्रशिक्षक मनोरमा रानी ने गुरुवार को काली बाड़ी राजगीर में हमारी पाठशाला फेज चार के किशोरियों के लिए अपने मासिक स्वास्थ्य और अधिकारों की जानकारी के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को के दौरान कहीं। एबीपीएम के राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अनिता कुमारी गुप्ता ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से बालिकाएं अपने अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होगी। कहा कि अपने बेटियों को जरूर पढ़ायें। शिक्षित होकर ही वह अपने परिवार व समाज के लिए काम करेगी। शिक्षा बहुत जरूरी है। कहा कि अपने बच्चों को जरूर शिक्षित करें। जिला स्तरीय प्रशिक्षक रमेश कुमार पान, हमारी पाठशाला परियोजना के समन्वयक एलॉयसियस, ओस्ता टीम सुपरवाइजर साहिल राज, एलॉयसियस ओस्ता द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत एवं संस्था के उदगम एवं उनके कार्य को विस्तार पूर्वक बतायें।




इस अवसर पर हमारी पाठशाला फेज चार के शिक्षक भीम पासवान, फिरोज कुमार, रूपा कुमारी, संगीता कुमारी, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, किरण कुमारी, आरती कुमारी, सोनू कुमार, सुमन कुमार, राजेश कुमार, दिनेश प्रसाद राजेश कुमार सहित 90 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन बिहार वॉटर डेवलपमेंट सोसायटी सेवा केन्द्र द्वारा किया गया।

# सैनिक स्कूल नालंदा के कैडेट्स का विद्यार्थी विज्ञान मंथन में शानदार प्रदर्शन

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट,**। नालंदा (नालंदा)। सैनिक स्कूल नालंदा के 16 सैन्य–छात्रों ने 15 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना में आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य स्तरीय कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी वैज्ञानिक सोच और प्रतिस्पर्धी क्षमता का परिचय दिया। कक्षा दसवीं के सैन्य छात्र अनुराग कुमार ने प्रांत स्तरीय कैंप में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए □5000 का नकद पुरस्कार, उत्कृष्टता प्रमाण–पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। वहीं कक्षा सातवीं के सैन्य छात्र अभिनव राज ने अपने वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया, जिसके लिए उन्हें □3000 नकद पुरस्कार, प्रमाण–पत्र एवं स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। इसी वर्ग के सैन्य छात्र आरव सेन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर ₹2000 नकद पुरस्कार, प्रमाण–पत्र एवं स्मृति चिह्न प्राप्त किया। उक्त पुरस्कार प्रोफ़ेसर प्रदीप के जैन, निदेशक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना द्वारा प्रदान किए गए। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा और उत्साह की सराहना की। गौरतलब है कि अनुराग कुमार और अभिनव राज का चयन आगामी 16–17 मई 2026 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर, गुजरात में आयोजित होने वाले विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राष्ट्रीय कैंप के लिए भी किया गया है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सं. स्थान पटना में आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के कक्षा छठी से ग्यारहवीं तक के कुल 108 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान, शोध एवं तकनीक के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से परिचित कराना है।

यह प्रांत स्तरीय कैंप विज्ञान भारती, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस म्यूज़ियम, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन तीन चरणों में किया जाता है, जिसका उद्देश्य वैज्ञानिक अभिरुचि वाले विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें प्रोत्सा. हित करना है। विद्यालय के प्राचार्य कर्नल भूपेंद्र कुमार ने विजेता सैन्य–छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

# सरकारी कर्मचारी का दर्जा और 18 हजार मानदेय की मांग, 24 फरवरी को रसोइयों का पटना में प्रदर्शन

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट,**। बिहारशरीफ(नालंदा)। विद्यालय रसोइयों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ ने 24 फरवरी 2026 को पटना के गर्दनीबाग में मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन करने की घोषणा की है। संघ द्वारा जारी पत्र (प्रत्रांकदृ01/26, दिनांक 19/02/2026) में कहा गया है कि विद्यालय रसोइया लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। उनकी प्रमुख मांगों में रसोइयों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देना तथा न्यूनतम ₹18,000 मासिक मानदेय निर्धारित करना शामिल है।संघ, जो ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स (ऐक्टू) से संबद्ध है, ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ), नालंदा, प्रधान मंत्री पोषण कार्यक्रम को भी इस संबंध में पत्र भेजकर अवगत कराया है। जिला संरक्षक पाल बिहारी लाल ने बताया कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई तो रसोइया 24 फरवरी को अपने कार्य का बहिष्कार करते हुए पटना में आयोजित प्रदर्शन में शामिल हा. ेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार को रसोइयों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, ताकि विद्यालयों में संचालित पोषण कार्यक्रम सुचारु रूप से चलता रहे। संघ ने राज्यभर की रसोइयों से आंदोलन में भाग लेने और अपनी मांगों के समर्थन में एकजुट होने की अपील की है।



# संस्कारयुक्त शिक्षा से सशक्त राष्ट्र निर्माण संभव - अनंत

**केशववाणी । अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट**

राजगीर (नालंदा)। पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला के दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य अनंत कुमार सिन्हा, उप–प्राचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा, आचार्य कार्यशाला प्रमुख अभय एवं सह–प्रमुख संगीता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्राचार्य अनंत कुमार सिन्हा ने आचार्यों का मार्गदर्शन करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, प्रभावी समय–सारिणी तथा आदर्श छात्र निर्माण की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है। शारीरिक गतिविधियों और योग के माध्यम से विद्यार्थियों के प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास को सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। उन्होंने संस्कारयुक्त, अनुशासित एवं राष्ट्रनिष्ठ नागरिक तैयार करने की संकल्पना को विद्यालय की प्रा. थमिकता बताया। उप–प्राचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा ने आधारभूत विषयों की सुदृढ़ता पर बल देते हुए पंचकोशीय विकास को शिक्षा का मूल उद्देश्य बताया।उन्होंने कहा कि संतुलित शिक्षा पद्धति से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बिहार क्षेत्र के सहक्षेत्र कार्यवाह विनेश प्रसाद ने गुरु–शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समर्पण, देशभक्ति, स्वदेशी एवं स्वाभिमान के भाव को जागृत करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने समरस, संगठित और सशक्त भारत निर्माण में विद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की। मंच संचालन मुकुन्द वत्स ने किया। कार्यशाला में विद्यालय के सभी आचार्यों की सक्रिय सहभागिता रही।






# नालंदा में बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**केशववाणी ।**
बिहार शरीफ (नालंदा)। एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 19 फरवरी 2026 को जिला उद्योग केंद्र, नालंदा परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न एमएसएमई इकाइयों एवं उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री प्रवीण कुमार, अपर विकास आयुक्त, विकास आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में एमएसएमई इकाइयों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और डिज़ाइन पंजीकरण जैसे अधिकार उद्योगों को कानूनी सुरक्षा प्रदान करते हैं और उन्हें बाजार में मजबूती देते हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार बौद्धिक संपदा प्रतिपूर्ति योजना के माध्यम से सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को आर्थिक सहयोग देकर नवाचार को बढ़ावा दे रही है। इस अवसर पर श्री आर.के. चौधरी, निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना; श्री अजय कुमार, परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, नालंदा; श्री शशिकांत, वरीय प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, नालंदा; श्री संतोष कुमार साहू;




डॉ. रोचक राठौर, सहायक निदेशक ग्रेड–1 तथा श्री अंकेश कुमार, कार्यालय संयोजक सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।तकनीकी सत्र में डॉ. रोचक राठौर ने एमएसएमई इनोवेटिव स्कीम एवं मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं बौद्धिक संपदा अधिवक्ता श्री रोबिन विंसेंट एवं श्री मनीष रिजु ने आईपीआर के कानूनी पहलुओं, पंजीकरण प्रक्रिया और उद्योगों में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से विभिन्न सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में श्री जी.एल. मीणा एवं डॉ. श्वेता देवतले, सहायक निदेशक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। आयोजन का उद्देश्य एमएसएमई इकाइयों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाना था।

# नालंदा में होली, चौत्र नवरात्र व चौती छठ की तिथियां घोषित, १९ से २९ मार्च तक चलेगा धार्मिक महोत्सव

**केशववाणी।** अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)। जिले में आगामी होली, चौत्र नवरात्र एवं चौती छठ पूजा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। नालन्दा जिला पूजा उत्सव समिति ने वर्ष 2026 के लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। समिति का प्रधान कार्यालय बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर, पुलपर, बिहारशरीफ में स्थित है।

समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार एवं सचिव शैलेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 मार्च 2026 को होलिका दहन तथा 4 मार्च 2026 को होली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके बाद 19 मार्च से 29 मार्च 2026 तक चौत्र नवरात्र महोत्सव आयोजित होगा, जिसमें मां भगवती की विधिवत पूजा–अर्चना की जाएगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार 19 मार्च (गुरुवार) को कलश स्थापना होगी, जिसका शुभ मुहूर्त प्रातः 6:40 बजे से संध्या 5:58 बजे तक निर्धारित है, जबकि अभिजित मुहूर्त 11:24 बजे से 12रू36 बजे तक रहेगा। 24 मार्च को विल्वा निमंत्रण, 25 मार्च को प्रतिमा स्थ. ापना (प्राण प्रतिष्ठा), 26 मार्च को महाष्टमी व्रत, जागरण एवं महानिशा पूजा, 27 मार्च को मह. ानवमी एवं रामनवमी, 28 मार्च को विजय दशमी व नवरात्र समापन तथा 29 मार्च को प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही चौती छठ पूजा का आयोजन 22 मार्च से 25 मार्च 2026 तक किया जाएगा। 22 मार्च को नहाय–खाय, 23 मार्च को लोहंडा, 24 मार्च को सांयकालीन अर्घ्य तथा 25 मार्च को प्रातःकालीन सूर्य अर्घ्य एवं पारण होगा।
समिति ने जिलेवासियों से अपील की है कि सभी लोग धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर भाग लें और शांति व सौहार्द बनाए रखें। आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

# नालंदा में संदिग्ध हालत में युवक का शव बरामद, करंट से हत्या की आशंका

**केशववाणी।** रहुई(नालंदा)। नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत उतरनामा गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के एक बगीचे से 32 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परि. स्थिति में बरामद हुआ। मृतक की पहचान उत. रनामा निवासी राजकुमार प्रसाद के पुत्र दिलीप कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिलीप कुमार शुक्रवार की शाम करीब 7:30 बजे शौच के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परि. जनों द्वारा खोजबीन के बावजूद उनका कोई पता नहीं चला। शनिवार सुबह गांव के बगीचे में उनका शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। दिलीप कुमार चार भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। परिवार मजदूरी कर जीवनयापन करता है। दो भाई बाहर प्रदेश में मजदूरी करते हैं, जबकि दो भाई गांव में ही रहकर काम करते हैं। परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि दिलीप कुमार एक मुर्गी प्लांट में मिट्टी–बालू ढुलाई का काम करते थे और वहीं करंट लगाकर उनकी हत्या की गई। आरोप है कि हत्या के बाद शव को बगीचे में फेंक दिया गया, ताकि घटना को संदिग्ध बनाया जा सके। ग्रामीणों के बीच भी इस घटना को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं हैं और साजिश के तहत हत्या की आशंका जताई जा रही है।
मामले में सदर डीएसपी–2 संजय जयसवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला करंट लगने से मौत का प्रतीत होता है, लेकिन वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस सभी संभावित एंगल से मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# नालंदा में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान तेज प्रेस वार्ता में बूथ स्तर से मजबूती पर जोर

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिला कांग्रेस कमेटी नालंदा की ओर से जिला कांग्रेस कार्यालय, राजेंद्र आश्रम, धनेश्वर घाट में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने की। प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष ने अखिल भारतीय कांग्रेस के प्रवेक्षक रण विजय सिंह तथा बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रवेक्षक राजीव मेहता, राजीव मिश्रा और अभिजीत सिंह का अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। मीडिया को संबोधित करते हुए प्रवेक्षकों ने संगठन सृजन अभियान पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि नालंदा जिले में कांग्रेस पार्टी के संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक नए सिरे से सुदृढ़ किया जाएगा। युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों तथा सभी जाति और धर्म के लोगों को जोड़कर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को सक्रिय एवं प्रभावी बनाने का आह्वान किया। ` नेताओं ने स्पष्ट किया कि मजबूत संगठन ही पार्टी की असली ताकत है और आगामी दिनों में व्यापक स्तर पर सदस्यता विस्तार एवं पुनर्गठन अभियान चलाया जाएगा।




इस अवसर पर अधिवक्ता सरफराज मलिक, विवेक सिंह यादव, हरिहर जी, किशोर कुमार, हैदर आलम, इमरान खान, कुमार सिन्हा, दिलीप कुमार सिंह, रमेश पासवान, अधिवक्ता मोहम्मद इम्तियाज आलम, इंजीनियर टीपू, असगर भारती, दीपक कुमार, सोनू, भोला पासवान, सुरेंद्र सिंह, अनिल कुमार, डॉ. अवधेश कुमार, जितेंद्र कुमार, शशि भूषण पटेल, धनंजय पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

# बिहार में बिना लाइसेंस डीजे पर कड़ी कार्रवाई का एलान, 15 दिनों में चलेगा विशेष अभियान

**केशववाणी पटना।** बिहार विधान परिषद में डीजे संचालन पर प्रतिबंध को लेकर जोरदार चर्चा के बाद राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। परिषद की कार्यवाही के दौरान निर्दलीय एमएलसी वंशीधर व्रजवासी ने तेज आवाज में डीजे बजाने से हो रहे ध्वनि प्रदूषण और उससे उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी खतरों का मुद्दा उठाया। वंशीधर व्रजवासी ने कहा कि अत्यधिक ध्वनि स्तर के कारण कई लोगों को हृदयाघात जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शादी–ब्याह जैसे आयोजनों में डीजे गाड़ियों पर फायरिंग की घटनाएं सामने आती हैं तथा कई बार ऐसे वा. हनों पर नंबर प्लेट भी नहीं होती, जिससे कानून–व्यवस्था की स्थिति प्रभावित होती है। उनकी मांग का सदन में मौजूद अन्य सदस्यों ने समर्थन किया और सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में डीजे संचालन पर नियंत्रण की आवश्यकता जताई। सदस्यों ने कहा कि नियमों की अनदेखी से आमजन को परेशानी होती है और इसे रोकना जरूरी है।मामले पर जवाब देते हुए बिहार सरकार के परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति और वैध लाइसेंस के डीजे बजाने वालों के खिलाफ राज्यभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के भीतर ऐसे डीजे वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी, वा. हनों को जब्त किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई होगी। सरकार के इस फैसले को ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।




